# कलयुग में कहते खाटू वाला | By Sanjeev Kumar (Hansi)

मैं तो तेरा सेवक बाबा तू मेरा भगवान् है
कलयुग में कहते तुमको खाटू वाला श्याम है

अपना तुमको मान लिया है सच्चा साथ निभाते हो
जब भी मुझपे संकट आये दौड़े दौड़े आते हो
पल में अपने सेवक का तुम कर देते सब काम है
कलयुग में कहते तुमको खाटू वाला श्याम है

काम धाम की चिंता नहीं तुम खूब गुज़ारा करते हो
सबको देने वाले श्याम मेरी झोली भरते हो
लेख विधाता के में देदो तुमको ये वरदान है
कलयुग में कहते तुमको खाटू वाला श्याम है

सारी उमर मेरे सर पे यूँ ही बाबा तेरा हाथ रहे
एक तमन्ना है मेरी जनम जनम तेरा साथ रहे
दास को अपने चरणों में रखना ये मेरा अरमान है
संजीव को अपने चरणों में रखना ये मेरा अरमान है
कलयुग में कहते तुमको खाटू वाला श्याम है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%95%e0%a4%b2%e0%a4%af%e0%a5%81%e0%a4%97-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%95%e0%a4%b9%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-sanjeev-ku/